तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
झमाझम बारिश से सड़कों पर जलभराव जनजीवन प्रभावित



## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता व सहायिकाओं के लिए बेहतर सुविधा की मांग

**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ छत्तीसगढ़ की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के योगदान को स्वीकार करते हुए आईसीडीएस स्थापना दिवस पर उन्हें बेहतर कार्य परिस्थितियों और सविुधाओं की मांग की गई है। जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका समाज के सबसे कमजोर वर्गों, विशषे रूप से गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल और पोषण में महत्वपूर्ण भमिूका निभाती हैं। आईसीडीएस को 50 वर्ष पूर्ण हो गया है किंतु इसमें कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के सविुधाओं में कोई वृद्धि या विचार नहीं किया जो दुर्भाग्य की बात है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के माध्यम से प्रदान की जाने वाली प्रमखु सेवाएं जिनमें अनपुरक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और आगे अस्पतालों को भेजना, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा जो बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा वेतन में वद्धि, पोषक और आधनिुक सामग्री, स्वास्थ और सुरक्षा, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन, सामाजिक सुरक्षा आदि मांग शामिल हैं।

### कोरबा-चांपा मार्ग के टोल नाका में मिली राहत, 5 से 20 रुपए तक कम

**कोरबा।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस बार वित्तीय वर्ष के बीच में ही कोरबा-चांपा मार्ग के टोल नाका से टोल टैक्स की दरें घटा दी है। वाहन चालकों को अब 5 से 20 रुपए तक टोल टैक्स कम देना होगा। जिनसे उन्हें राहत मिली हैं। नई दरें 6 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रभावी रहेंगी। माना जा रहा हैं की इससे लगभग 15 हजार वाहन चालकों को फायदा होगा। हालांकि फायदा उन्हीं चालकों को मिलेगा, जिनके वाहनों में फास्ट टैग लगा है। जिले में तीन टोल प्लाजा संचालित है। इसमें उरगा-चांपा रोड, जमनीपाली टोल प्लाजा जुलाई के अंतिम सप्ताह में शुरू किया गया है। जबकि कटघोरा-बिलासपुर रोड पर मदनपुर टोल प्लाजा दो साल से चल रहा है। कटघोरा-अंबिकापुर रोड पर चार साल से टोल प्लाजा चल रहा है। हर साल टोल प्लाजा की दरें 5 प्रतिशत अप्रैल में बढ़ा दी जाती हैं। इस बार यूनिफार्म पॉलिसी (एक समान टोल नीति) के अंतर्गत टोल टैक्स की दरों में कमी की गई है। कार और छोटे व्यवसायिक वाहनों पर 5 रुपए कम किए गए हैं। बस-ट्रक पर 10 रुपए, भारी वाहनों पर 15 रुपए और अत्यधिक बढ़े बहनों पर 20 रुपए तक का टोल टैक्स कम किया गया है।

### केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा चलाया गया कार्यक्रम

**बालको।** पोषण माह के उपलक्ष्य में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्रोत्साहित करना तथा उनमें जागरूकता लाना रहा। इस अवसर पर 17 गर्भवती माताओं को चुकंदर, गाजर, खीरा, चना, सोयाबीन, लौकी,केले एवं संतरे जैसी विभिन्न पौष्टिक सामग्रियाँ वितरित की गईं। साथ ही, ग्राम धनेली की मितानिन बहनों ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता कर महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम धनेली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने कहा हर परिवार में स्वास्थ्य और पोषण की समझ बढ़ाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। स्वस्थ माँ ही स्वस्थ शिशु और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्य सनिल जांगड़े, भुनवेश्वरी साहू, हेमा माणिकपुरी, अनीता धीवर,मंजू साहू, हिमानी साहू, प्रियांश,दशोदा,चन्द्रकांत जांगड़े,मीनू एवं वीना राठी ने अहम योगदान दिया।

# ऑटो चालक की देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए लगातार लोग सामने आ रहे हैं और अपने मृत शरीर को मेडिकल कॉलेज को देहदान भी कर रहे हैं। इस कड़ी में एक ऑटो चालक की मौत हो गई। जहां उसने अपने मृत शरीर को पहले ही मेडिकल कॉलेज को दान देने का फैसला किया था। जहां परिजनों की उपस्थिति में सोमवार को उसके शरीर को मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत राजेश नायडू 55 वर्ष पिता चिन्ना नायडू ऑटो चलाकर जीविकोपार्जन करता था। पिछले कुछ महीनों से उसकी तबीयत खराब थी उसने मृत्यु उपरांत अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज को देहदान देने का फैसला लिया था जिसके लिए उसने मेडिकल कॉलेज से आवश्यक फॉर्मेलिटी भी पूरी की थी। दो दिनों पहले ही राजेश नायडू की पुनः तबीयत बिगड़ने पर परियोजना ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां रविवार को राजेश नायडू की देर शाम मौत हो गई। जिसके उपरांत उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई और सोमवार को राजेश नायडू के परिजन मेडिकल अस्पताल पहुंचे और परिजनों की उपस्थिति में राजेश नायडू के मृत शरीर को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के सुपुर्द कर दिया गया। अब मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा राजेश नायडू के शव को कॉलेज में रखा जाएगा। जहां कॉलेज में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राएं इस मृत शरीर से आवश्यक जानकारी भी ले सकेंगे इससे पहले भी जिले में कई लोगों ने अपना देहदान किया है।

## मृत्युपूर्व लिया था देहदान का संकल्प, रविवार को हुई थी मौत

**खास बातें**

- मृत्यु के पहले देहदान करने का आटो चालक ने किया था फैसला
- परिजनों की उपस्थिति में पूरी हुई प्रक्रिया




## किसान सभा ने किसानों को बिना बसाहट दिए खनन कार्य का किया विरोध

# ग्रामीणों ने बंद कराया गेवरा खदान के विस्तार और सड़क खोदने का कार्य



प्रबंधन की कार्यवाही को रोकते ग्रामीण और उपस्थित पुलिस बल।


खोदे गए गड्ढा को पाटते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/हरदीबाजार

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने कुसमुंडा हरदीबाजार मुख्य मार्ग को खदान विस्तार के लिए जेसीबी लगाकर कटघोरा एसडीएम और दीपका, कुसमुंडा, हरदीबाजार के थाना प्रभारी के साथ भारी पुलिस बल की उपस्थिति में रोड काटना शुरू कर दिया किसान सभा के नेतृत्व में आसपास गांव के भूविस्थापितों ने रोड काटने और गेवरा खदान विस्तार का भारी विरोध किया। इस बीच पुलिस बल, प्रशासन और एसईसीएल के साथ ग्रामीणों की काफी नोंक झोंक हुई तथा भारी विरोध के बाद एसईसीएल प्रबंधन को फिलहाल काम बंद करना पड़ा है।

किसान सभा के सचिव दीपक साहू ने कहा कि भूविस्थापितों को बसाहट और प्रत्येक खातेदार को रोजगार दिए बिना गांव की जमीन पर काम करने नहीं देंगे। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक खदान विस्तार नहीं होने देंगे और यदि प्रबंधन समस्याओं का समाधान नहीं करेगी तो गेवरा कार्यालय का महाघेराव भी किया जाएगा। छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और मुआवजा देना होगा। पहले भूविस्थापितों से जुड़ी सभी समस्याओं का निराकरण कर हल किया जाए उसके बाद ही खनन कार्य का विस्तार होने देंगे। किसान सभा नेता ने प्रशांत झा ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए है। उनका आरोप है कि प्रशासन एसईसीएल का साथ दे रही है कटघोरा एसडीएम को एसईसीएल गुमराह कर रही है। ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करने में प्रशासन पूरी तरह नाकाम है पहले प्रशासन को भू विस्थापितों की समस्या को सुनना चाहिए न कि सीधे एसईसीएल के साथ मैदान में उतर कर खनन कार्य करना चाहिए। नरईबोध गोलीकांड में शहीद हुए गोपाल दास के पुत्र रमेश दास ने कहा की पहले भी प्रशासन और एसईसीएल के दमन के कारण मेरे पिता को गोली मारी गई थी जिसमें संघर्ष करते हुए वह गांव के लिए शहीद हो गए थे हम भी अपने अधिकार को पाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे भू विस्थापितों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निराकरण होने तक प्रशासन को खदान विस्तार में एसईसीएल को किसी भी प्रकार का सहयोग तत्काल बंद करना चाहिए। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि मांगो को पूरा नहीं हुई तो 8 अक्टूबर को गेवरा कार्यालय का महाघेराव भी किया जाएगा। आंदोलन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जनपद सदस्य दामोदर राठौर, उपसरपंच रलिया प्रदीप राठौर, रलिया सरपंच विष्णु बिंझवार, भिलाई बाजार पंच राजकुमार नामदेव, रथ लाल, सम्मेलाल पाटले, प्रकाश, राकेश, दीपक साहू, दामोदर श्याम, रमेश दास, सोनू दास, अगघन बाई, गीता बाई पूर्णिमा बाई, शशि साहू, जानकुवर, सुकल बाई,परमेश्वरि बाई, गुलाब, रमेशदास, विवेक दास, हीरा सिंग, शैलेश,सहदेव, विमल दास, पवन, तुलेश, कैलास, विनोद, प्रकाश,नारायण के साथ बड़ी संख्या में आस पास गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# विवाहिता की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 35 वर्षीय विवाहिता की फांसी के फंदे में लाश मिली है। परिजनों ने विवाहिता को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के मायके पक्ष वालों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किन कारणों के चलते उसकी पुत्री ने आत्महत्या का कदम उठाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा। पुलिस की टीम विभिन्न एंगलों पर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। मामले को लेकर मायके पक्ष वालों ने संदेह भी जाहिर किया है।

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत पुष्प पल्लव कॉलोनी में निवासरत सुनील राय की 35 वर्षीय पत्नी मंजू की फांसी के फंदे में देर रात को लटकती हुई लाश मिली थी। मंजू को फांसी के फंदे में लटकता हुआ देख परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा और आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मंजू कैंटीन में काम करती थी। आखिर किन कारणों के चलते विवाहिता ने यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। दर्री पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जांच के बाद ही मामला से पर्दा उठ सकेगा कि मंजू ने आखिर किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। वहीं घटना को लेकर मंजू के मायके पक्ष वालों ने उसके फंदे में मिले लाश को संदेह जाहिर किया है। संदेह के आधार पर पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

## एमबीबीएस की छात्रा ने आयुर्वेद चिकित्सक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

**कोरबा।** एमबीबीएस की एक छात्रा ने मेडिकल कॉलेज के आयुर्वेद चिकित्सक पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। छात्रा ने आयुर्वेद चिकित्सक पर आरोप लगाया है कि वह उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। छात्रा ने इस मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज की है। यहां एक 24 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा इंटर्नशिप के लिए आई है। जिसने सिविल लाइन थाने में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है कि मेडिकल कॉलेज में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा के अमित कुमार मिश्रा ने उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। यह सनसनीखेज आरोप सामने आते ही सिविल लाइन पुलिस ने एमबीबीएस की छात्रा की रिपोर्ट पर अमित मिश्रा के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नर्स के सूने मकान में चोरों का धावा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी पूजा लकड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमान में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ है। पूजा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह 24 सितंबर से अवकाश में अंबिकापुर अपने ससुराल गयी थी। 4 अक्टूबर को शाम में अस्पताल स्टाफ के द्वारा फोन के माध्यम से उसे सूचना दी गयी कि उसके घर के दरवाजा में ताला नहीं लगा है और कुंडी लगा हुआ है लग रहा है चोरी हो गया है। सूचना पर पूजा अंबिकापुर से ग्राम तुमान अपने घर आयी तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला नहीं था कुंडी लगा हुआ था। घर के भीतर जाने पर पूजा ने देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था एवं ट्राली बैग में रखे एक सोने का नेकलेस व टाप्स का 1 नग सेट, रैक में रखे टाप्स सेट, सोने के चैन, सोने के 3 नग अंगूठी , 2 नग मोबाईल , 1 नग टैबलेट, सोने का 1 टाप्स कान का, 1 नग सोने का टाप्स, सोने का टाप्स 1 नग कान का सहित कुल लगभग 85 हजार रुपए के माल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। पूजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी शुरु कर दी है।

## बुजुर्ग महिला हुई लापता

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम धतुरा निवासी जवाहर राठौर उम्र 72 वर्ष की पत्नी रामिन बाई राठौर उम्र 69 वर्ष 3 अक्टूबर को परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सोने चले गये। 4 अक्टूबर की सुबह 4 बजे रामिन परिवार के किसी भी सदस्य को बिना बताए दरवाजा खोल कर कहीं चली गई। जिसकी खोजबीन करते परिजनों ने अपने चित परिचित रिस्तेदारो सहित आस-पास क्षेत्र में भी खोजबीन की । जब कहीं भी रामिन बाई का पता नही चला तब परिजनों ने 6 अक्टूबर दोपहर हरदीबाजार थाना आकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति थोड़ी कमजोर है। जिस पर हरदीबाजार थाना पुलिस द्वारा गुम इंसान दर्ज कर सभी थाना चौकी सहित संबंधित विभाग में सूचना दे दी गई है।



# शादी का झांसा देकर किशोरी से अनाचार आरोपी को 20 साल की मिली सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग एक साल पूर्व एक 19 वर्षीय युवक क्षेत्र में निवासरत एक नाबालिक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उसे धारा 376 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलांग निवासी विदेशी चौहान 19 वर्ष पिता अरुण शाह चौहान ने क्षेत्र में निवासरत एक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी विदेशी चौहान के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने उसे अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पाक्सो डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी विदेशी चौहान के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे न्यायालय ने 20 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा ना करने पर आरोपी को 2 माह अतिरिक्त सजा होगी। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

## संगठन में महिलाओं की भागीदारी कम से कम होगी 30 प्रतिशत

# जिला अध्यक्षों से लेकर बूथ अध्यक्षों के लिए होगा लोकतांत्रिक चुनाव : खुटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस संगठन का सृजन अभियान की शुरुआत हो गई है। इस कड़ी में कोरबा पहुंचे एआईसीसी के सचिव एवं पर्यवेक्षक रामचंद्र खुटिया ने जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि कांग्रेस जिला अध्यक्षों से लेकर बूथ अध्यक्षों के चुनाव के संबंध में जानकारी दी और कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास में काफी योगदान दिया है और अब हम इसे नये स्वरूप में पहले से मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में अहमदाबाद अधिवेशन में संगठन सृजन अभियान के तहत पूरे भारतवर्ष में संगठन को नये स्वरूप में लाने के लिए जिला, ब्लाक, मण्डल से लेकर बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं को लोकतांत्रिक ढंग से लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन में पदाधिकारियों के लिए कम से कम 5 साल कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में अभ्यर्थी को होना चाहिए। श्री खुटिया ने कहा कि सबसे पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा की जाएगी और सबकी रायशुमारी ली जाएगी और 6-6 नाम एआईसीसी को भेजा जाएगा और निर्णायक एक नाम का चयन कर उसे जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसी तरह ब्लाक, मण्डल एवं बूथ स्तर में भी प्रक्रिया अपनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष भी आगामी अध्यक्ष बन सकते हैं। यदि परफार्मेंस अच्छा होगा तो यह संभव है। प्रेसवार्ता के दौरान नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, सहपर्यवेक्षक एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया, जिला अध्यक्षद्वय मनोज चौहान, यादव, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, सत्येन्द्र वासन, पूर्व एमएलए पुरूषोत्तम कंवर, मोहितराम केरकेटा, महिला अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, संतोष राठौर, श्यामसुंदर सोनी, बी एन सिंह, राजकिशोर प्रसाद, राकेश पंकज आदि उपस्थित थे।


मीडिया से चर्चा करते कांग्रेस नेता।

### क्रिमिनल रिकार्ड वालों की संगठन में नो एंट्री

श्री खुटिया ने कहा कि क्रिमिनल रिकार्ड वालों को संगठन में नहीं लिया जाएगा। पोलिटिकल केस को छोड़कर बाकी क्रिमिनल रिकार्ड वालों की संगठन में एंट्री बंद हो जाएगी। श्री खुटिया ने कहा कि राहुल गांधी चाहते हैं कि कांग्रेस संगठन में महिलाओं की भागीदारी 30 प्रतिशत हो लेकिन यह धीरे-धीरे होगा। हमारा प्रयास होगा कि हम 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को संगठन में लाएं। श्री खुटिया ने कहा कि यहां मेरा तीन दिवसीय प्रवास है और हम कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के बाद एसटी एससी, ओबीसी, माइनोरिटी, जनरल सभी वर्ग से रायशुमारी लेंगे और संगठन में पर्याप्त स्थान देने का प्रयास करेंगे। हम शहर से लेकर आदिवासी अंचल के गांव भी पहुंचेंगे और अंतिम छोर को संगठन में भागीदारी के लिए जागरूक करेंगे।

## अधेड़ की संदिग्ध मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिधौरी निवासी मेम सिंह 50 वर्ष पिता सुक्खु सिंह की तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक मेम सिंह आदतन शराबी था। संभवतः अत्यधिक शराब सेवन की वजह से उसकी मौत हुई है फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु दी है।

## राजभाषा पखवाड़ा का समापन

**कोरबा।** सेंट्रल वर्कशॉप और सेंट्रल स्टोर्स एसईसीएल कोरबा के तत्वाधान राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह एवं स्वच्छता ही सेवा कैम्पेन 5.0 का संयुक्त आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सफाईकर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### कबाड़ भरा ट्रक जब्त ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने लोहे का कबाड़ लेकर बेचने जाते समय ट्रक को पकड़ लिया है। उसमें 5 टन 2 क्विंटल कबाड़ जब्त किया गया है।



सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली ग्राम परसाही से ट्रक क्रमांक सीजी 10 जेबी, 8514 में चोरी के लोहे का कबाड़ लेकर बेचने के लिए ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 5 टन 2 क्विंटल लोह का कबाड़ मिला। पुलिस ने कबाड़ सहित ट्रक जब्त कर ड्राइवर खंडोवापारा रतनपुर निवासी सौकत खान पिता लियाकत खान 34 साल व संतोष रजक को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवकों पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। महामाया मंदिर परिसर में दो युवकों पर चाकू से हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 30 सितंबर की रात 12 बजे महामाया मंदिर परिसर में बने ज्योति कलश के उपरी फ्लोर पर बिजली ठेकेदार के दो कर्मचारी भेड़ीमुड़ा निवासी दीपक साहू पिता अमृतलाल साहू 28 साल व लखराम निवासी नवीन गुप्ता पिता रमेश गुप्ता काम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां आकर बैठ गए। दोनों कर्मचारियों ने युवकों को तार खुला है करंट लग जाएगा कहते हुए हटने के लिए कहा। इस पर युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, सोमवार को पुलिस ने फरार आरोपी भेड़ीमुड़ा निवासी रितिक उर्फ रितेश सूर्यवंशी पिता शिवदत्त सूर्यवंशी 22 साल को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।

### पेट्रोल भराने गए युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। पेट्रोल भराने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला कर नकद लूटकर दो युवक भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, दयालबंद नारियण कोठी निवासी अंकित श्रीवास पिता दिलीप श्रीवास पुराना बस स्टैण्ड स्थित सेलून दुकान में काम करता है। 6 अक्टूबर की रात 12 बजे वह तारबाहर पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में पेट्रोल भराकर जेब से 9 हजार रुपए निकालकर पैसा दिया। इसी दौरान दो लड़के पीछे से आए हाथ में पैसा देखकर कालर पकड़कर उसे पेट्रोल पंप के बगल गली में लेकर गए। वहां उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू से पैर में हमला कर 9 हजार रुपए लूटकर भाग गए। पुलिस ने अंकित श्रीवास की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 309, 6, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### दो दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला

बिलासपुर। बीती रात पुरानी रंजिश दो दोस्तों के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया है। घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चांटीडीह संतोषी मंदिर निवासी अक्षत यादव पिता इतवारीराम यादव 22 साल 5 अक्टूबर को रात 10.40 बजे दोस्त मोनू दुबे के साथ बाइक से जा रहे थे। कुर्मी छात्रावास के पास प्रकाश, डब्लू नामक लड़के मिले और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गाली गलौज कर दोनों दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला कर भाग गए। सूचना मिलने पर पिता इतवारीराम मौके पर जाकर दोनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता इतवारीराम यादव की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### महिला पर टंगिया से हमला, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। थाने में रिपोर्ट करने का आरोप लगाकर एक ग्रामीण ने महिला पर टंगिया से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, पौंसरा आवासपारा निवासी सरिता यादव पति सुनील यादव 6 अक्टूबर की सुबह 7 बजे मैदान से घर लौट रही थीं। आवासपारा बाड़ी के पास साखन सूर्यवंशी उन्हें रोककर मेरे खिलाफ थाने में रिपोर्ट करते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया से हमला कर दिया। महिला ने रोकने की कोशिश की तो उनके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने पति सुनील यादव की रिपोर्ट पर हमलावर साखन सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

---

**तीन दिन जिले में चलेगा अभियान, सभी स्कूल के लिए बनी कमेटी**

# शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू, पालक तय करेंगे अपने गांव के स्कूल का ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत अब तक जिले के प्रशासनिक अधिकारी स्कूलों में पहुंच कर शिक्षकों और बच्चों से प्रश्नावली के आधार पर प्रश्न कर स्कूलों के शिक्षा और शैक्षणिक वातावरण एवं अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपा करते थे और उसके बाद स्कूलों का ग्रेड तय होता था किंतु इस बार 6 अक्टूबर से शुरु हुए शिक्षा गुणवत्ता अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों की जगह बच्चों की पालक की कमेटी स्कूल जाएंगी और वहीं सोशल ऑडिट कर स्कूल परिसर में ही तत्काल ग्रेड तय किया जाएगा।

**खास बात**

- प्रायमरी से लेकर हाई स्कूल तक का होगा सोशल आडिट

शिक्षा गुणवत्ता के लिए लगातार प्रयास शासन स्तर पर चल रहे हैं। पांच साल बाद एक बार फिर शुरु हुआ शिक्षा गुणवत्ता अभियान शिक्षा के क्षेत्र में प्रायमरी से लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल तक हो रहे बदलाव और शिक्षा के स्तर का आंकलन करेगा। इसके लिए पूर्व की तरह प्रशासनिक अधिकारियों की टीम नहीं बनाई गई है। उसकी जगह शाला प्रबंधन समिति और बच्चों के पालकों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने स्कूल में जाकर बच्चों में हो रही पढ़ाई और शिक्षकों के व्यवहार के साथ स्कूल में उपलब्ध संसाधन खेल गतिविधियां सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का सोशल ऑडिट करेगी। पालक की समिति बच्चों से 20 प्रश्न करेगी और उतने ही प्रश्न उस स्कूल के शिक्षकों से करेगी। बच्चों से मिले उत्तर और शिक्षकों से मिले उत्तर के आधार पर स्कूल परिसर में ही स्कूल का ग्रेड तय किया जाएगा और इसकी रिपोर्ट संकुल केंद्र प्रभारी के द्वारा बीआरसी में जमा की जाएगी और वहां से स्कूल शिक्षा विभाग में बनाए गए विद्या समीक्षा केंद्र में जमा कराया जाएगा।



अभियान के दौरान उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व स्कूल के शिक्षक।

**सभी स्कूलों के प्रश्नावली अलग-अलग**

प्रायमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए अलग अलग प्रश्नावली तैयार की गई है। इसमें 20 प्रश्न रहेंगे जो बच्चों से पूछे जाएंगे और शिक्षकों से पूछा जाएंगा इनमें विद्यार्थी किसी चित्र देखकर अंग्रेजी में नाम बता सकते हैं या नही? प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन लेते हैं या नहीं? विद्यार्थी का गणित स्तर कहां तक है, शाला में छात्रों की उपस्थिति की जानकारी तथा शनिवार को बैगलेस डे से संबंधित सवाल रहेंगे। बच्चों से स्कूल में मुस्कान पुस्तकालय से संबंधित सवाल होगा। सभी प्रश्न के आधार पर नंबर भी तय किये गये हैं। शिक्षकों का व्यवहार, छात्र शिक्षकों से भयभीत रहते हैं नहीं? तथा स्कूल के वातावरण से संबंधित सवाल होंगे। शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं या नहीं ऐसे सवाल भी समिति करेगी।

**जिला स्तर पर बनाई गई है टीम**

अभियान को क्रिन्यावित करने के लिए जिला स्तर पर टीम बनायी गई है जिसमें जिला पंचायत सीईओ समिति के अध्यक्ष हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सचिव बनाए गए हैं। इसके अलावा सहायक आयुक्त जिला मिशन समन्वयक एवं प्राचार्य डाइट इसके सदस्य बनाए गए हैं। उक्त समिति के माध्यम से ही ब्लॉक और जिला स्तर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन होगा। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए 6 से लेकर 8 अक्टूबर की तिथि तय की गई है।

**पालक समिति करेगी सोशल ऑडिट**

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की शुरुआत सोमवार से हो गई है। प्रायमरी से लेकर हाई सेकेंडरी स्कूल तक शैक्षणिक स्तर का आंकलन के लिए शाला प्रबंधन विकास समिति को अधिकृत किया गया है। जिसमें सदस्य के रुप में शामिल बच्चों के पालक स्कूलों में जाकर सोशल ऑडिट करेंगे। हाई स्कूल के प्राचार्यो को इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

---

# बालको जाने के लिए बने हैं तीन पुल जिनमें दो पुल की हालत खराब



रुमगरा दर्री मार्ग के पुल में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर एवं दर्री क्षेत्र से बालको उपनगरीय जाने के लिए तीन बड़े पुल बेलगरी और ढेंगुरनाला में बनाए गए हैं। जिनमें दो पुल की हालत खराब हो चली है। बरसात के दिनों में इन दिनों पुल से गुजरना खतरों से भरा रहता है। इनमें रुमगरा परसाभाठा मार्ग में बना बेलगरीनाला पुल और रिस्दी बाईपास में ढेंगुरनाला में बना पुल शामिल हैं। तीसरे पुल में ज्यादा दबाव रहता है।

कटघोरा से बालको जाने के लिए दर्री रुमगरा परसाभाठा मार्ग का उपयोग आम लोग करते हैं। इस मार्ग में बजरंग चौक के पास बेलगरीनाला में लंबे समय पहले बड़े पुल का निर्माण किया गया था। निर्माण के समय उक्त मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन नाम मात्र का होने के कारण पुल की स्थिति बेहतर रहा करती थी। किंतु पिछले कुछ वर्षों से भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण पुल की हालत जर्जर हो चली है। बरसात का पानी पुल में ही भरा रहता है। पुल के निर्माण के दौरान लगायी गई सरिया के बाहर निकलने के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी है किंतु इसके बावजूद पुल के मरम्मत कार्य को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश से पुल के उपर पानी भरा है। इसी तरह रिस्दी से बालको जाने के लिए ढेंगुरनाला में बनाए गए पुल की भी हालत भारी वाहनों के आवागमन से खराब हो चुकी है। पुल के एक तरफ का हिस्सा नीचे होने के कारण वाहन गड्ढों से गुजर रहे हैं। पुल के उपरी हिस्से पर मरमत कार्य दो वर्ष पूर्व किया गया था। आज स्थिति यह है कि पुल पुनः गड्ढों से भर चुका है।

**आईटीआई बालको मार्ग के पुल पर बढ़ा दबाव**

दोनों पुल के जर्जर होने के कारण कटघोरा क्षेत्र से लोग बालको जाने के लिए सीएसईबी और आईटीआई चौक होते हुए बालको मार्ग में बने ढेंगुरनाला पुल से गुजर रहे हैं। इसी तरह नकटीखार और झगरहा से आने वाले चार पहिया वाहन भी कोसाबाड़ी होते हुए आईटीआई चौक पहुंचकर ढेंगुरनाला पुल से आवागमन कर रहे हैं। जिससे उक्त पुल पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सबसे व्यस्तम पुल होने के कारण रात में भी वाहनों का दबाव बना रहता है।

---

# बिजली कर्मचारियों ने जताया विरोध, 9 को घेरेंगे मुख्यालय

**बिलासपुर।** राज्य कर्मचारी की तरह पुरानी पेंशन योजना बहाली, संविदा कर्मियों की नियुक्तिकरण, 3फीसदी तकनीकी भत्ता सहित विभिन्न मांगों को बिजली कर्मचारियों हड़ताल की राह पर है।

कर्मचारियों ने मांगों के पूरा नहीं होने पर सख्त आंदोलन की चेतावनी दी है। इससे पहले सोमवार को कर्मचारियों ने बैठक कर रणनीति दोहराई है। पावर कंपनी के खिलाफ आंदोलन तेज करने की बात कही गई। पहले चरण में जिला एवं क्षेत्रीय मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया है। 1 से 30 सितंबर तक मैदानी क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया। अब 1 से 8 अक्टूबर तक कार्यक्षेत्र में काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा जारी आंदोलन को लगातार मिल रहा है। संविदा कर्मचारी संघ के साथ-साथ अब डिप्लोमा अभियंता संघ ने भी अपना प्रतिरोध दर्ज कराया। आंदोलन के तहत 9 अक्टूबर को पॉवर कंपनी मुख्यालय का घेराव व विशाल रैली निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि विभिन्न मांगों के लिए पावर कंपनी प्रबंधन को मांग पत्र दिया गया था, जिस पर प्रबंधन के साथ कई बार बैठक हुई और लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी है। वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। इस हेतु संविदा कर्मचारी संघ के साथ साथ डिप्लोमा अभियंता संघ का भी समर्थन प्राप्त हो चुका है।



विरोध प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने दिया समर्थन

कनिष्ठ से सहायक यंत्री के पद पर 70 फीसदी पदोन्नति कोटा बहाली को लेकर छग स्टेट विद्युत मंडल डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने आंदोलन को समर्थन दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीबी जायसवाल ने बताया कि अभियंताओं अन्य मांगों में लंबित रिक्त पदों पर पदोन्न्ति प्रक्रिया पूरी करने, वरिष्ठता एवं सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी मांग शामिल है। संघ की ओर से आयोजित बैठक में सोमवार को सभी केन्द्रीय और क्षेत्रीय पदाधिकारी, एई व जेई शामिल हुए। इस दौरान कार्यपालक निर्देश कार्यालय को ज्ञापन सौंपा गया और नारेबाजी की गई।

# ट्रांसपोर्ट नगर खाली, शहर में अवैध तरीके से चल रहीं दुकानें

**बिलासपुर।** 20 साल पहले शहर के ट्रांसपोर्टर्स को यहां से 5 किमी दूर भेजा गया था, लेकिन निगम की लाख कोशिशों के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बस सका है, वहीं दूसरी ओर अब शहर में हर जगह ट्रांसपोर्टर्स नई दुकानें खोलने लगे हैं। सरजू बगीचा के बाद अब इमलीपारा रोड पर दुकानें खुल गई हैं। खास बात यह है कि नगर निगम की परमिशन के बगैर टीन शेड से निर्मित दुकानों से व्यवसाय जोर पकड़ने लगा है।

इमलीपारा रोड स्थित एक बड़े हिस्से में ट्रांसपोर्टर्स की दुकानें मौजूद है। हाल ही में इन दुकानों का निर्माण कराया गया है। जानकारों के मुताबिक सरजू बगीचा गली में आवासीय क्षेत्र में होने के बाद इन ट्रांसपोर्ट की दुकानों का खुला विरोध होने लगा था, नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए नोटिस भी थमाया था। जिसके बाद एक-एक कर ट्रांसपोर्टरों ने सरजू बगीचा छोड़ इमलीपारा में डेरा जाम लिया है। यहां नया ट्रांसपोर्ट नगर खुल चुका है। खास बात यह है कि 80 करोड़ की लागत से बनाया गया परसदा का ट्रांसपोर्ट नगर अब भी वीरान है, यहां की ज्यादातर दुकानों में ट्रांसपोर्टर्स का कब्जा है, लेकिन उनका व्यवसाय शहर के भीतर से चल रहा है। तेलीपारा, मेडिकल काम्प्लेस, इमलीपारा, सरजू बगीचा जैसे क्षेत्रों में एक के बाद एक दुकानें खुल रही है। वहीं इन दुकानों की अनुमति भी नहीं ली गई है।



इमलीपारा रोड पर खड़े वाहन।

### साल 2005 में बनाया था ट्रांसपोर्ट नगर

परसदा में ट्रांसपोर्ट नगर साल 2005 में बनाया गया है। अब यहां का हाल बेहाल है। डिवाइडर टूटा हुआ है। सड़क उधड़ रही है। यहां 100 से अधिक दुकानें मौजूद हैं। ट्रांसपोर्टरों के पास मूलभूत सुविधाएं सड़क नाली बिजली पानी का अभाव है। बड़े ट्रांसपोर्टर अब पेंड्रीडीह ओर जा चुके हैं।

### जानकारी ली जाएगी

ट्रांसपोर्टर्स की दुकानों की जानकारी नहीं मिली है, इसके लिए इंजीनियर और अधिकारियों को भेजकर वेरिफाई कराया जाएगा। अनुमति है या नहीं इसकी जानकारी ली जाएगी।

प्रवेश कश्यप, जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 5

## बस से कुचलकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** चलती बस में गेट के पास गुटखा थूकने समय युवक नीचे गिर गया। चक्के की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, तखतपुर समडील से पटेल समाज के लोग बस से ग्राम कुकदा जा रहे थे। तारकेश पटेल पिता राजेश पटेल दोपहर 2.30 बजे ग्राम गुड़ी में चलती बस में गेट के पास गया और गुटखा थूकते समय नीचे गिर गया। इसी दौरान बस के पिछले चक्के के चपेट में आने से कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस में सवार परिवार के सदस्य्य रोते बिलखते रहे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सिम्स में डाक्टरों से मारपीट, तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशे में सिम्स के डाक्टरों से मारपीट कर तोड़फोड़ करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को सिम्स में नशे की हालत में तीन युवक आए और बिना कारण डा. आशी जैन, डा. अविनाश कुमार, डा. अमन खेतान के साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की कर मारपीट करने लगे। डाक्टर मोबाइल में वीडियो बना रहे थे तो युवकों ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। पुलिस ने डाक्टरों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 324, 2, 3, 5, 132 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर अभय सिंह ठाकुर पिता ओम सिंह ठाकुर 25 साल बंधवापारा सरकण्डा, आकास सिंह ठाकुर उर्फ प्रकाश पिता घनश्याम सिंह ठाकुर 28 साल तिलकनगर, दोनेश्वर सिंह ठाकुर उर्फ रिक्की पिता घनश्याम सिंह ठाकुर तिलकनगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।



### ब्लेड व चाबी से युवक पर हमला

शराबखोरी के दौरान दो युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर ब्लेड व चाबी से हमला कर दिया। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, तिफरा बाजारपारा निवासी शेख समीर व कुंदरपारा निवासी यशवंत मानिकपुरी सोमवार की रात एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने दूसरे को पूरा खानदान चोर है कह दिया।

---

**भाजपा पार्षद तिलक ने बैठक व्यवस्था मोती गंगवानी ने इस्तीफे की धमकी दे डाली**

# महिला सम्मान पर सदन गरम, सत्ता पक्ष के पार्षदों ने मेयर को घेरा, मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 महीने बाद हुई निगम की सामान्य सभा की बैठक में जमकर हंगामा मचा। महिला सम्मान को लेकर सदन गरम रहा तो जीएसटी में कटौती को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का सदन में आभार प्रस्ताव रखा गया, तो विपक्ष ने जोरदार विरोध किया और नारेबाजी की।

सदन में सत्ता पक्ष के पार्षदों ने ही महापौर को अधिक घेरा और हंगामा किया। यह भी दिन भर चर्चा का विषय रहा।बैठक व्यवस्था को लेकर बीजेपी पार्षद तिलक साहू ने सवाल खड़े कर दिए। प्रोटोकॉल के तहत बैठक व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने सभा से बाहर जाने की चेतावनी भी दे डाली। वहीं, सत्ता पक्ष के पार्षद मोती गंगवानी ने स्मार्ट सिटी परियोजना के स्कूल में चोरी मामले में बवाल किया। उन्होंने इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी डाली।

नगर निगम की सामान्य सभा सोमवार 6 अक्टूबर को देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में हुई। छह महीने के अंतराल के बाद हुई इस बैठक में हंगामा ही होता रहा हालांकि सत्ता पक्ष ने बहुमत के आधार पर सभी प्रस्ताव पास करा लिया। विपक्ष ने शहर की खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरा।

बैठक में पार्षद निधि को वार्षिक 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया तो नेता प्रतिपक्ष ने 25 लाख करने की मांग कर डाली। सत्ता पक्ष का समर्थन भी मिला। उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल की ओर से पार्षदों की मानदेय 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग रखी। सभापति विनोद सोनी ने प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने कहा।



देवकीनंदन दीक्षितसभा भवन में आयोजित सामान्य सभा में हंगामा मचाते पार्षद।

### महिला पार्षद के खिलाफ एफआईआर पर हंगामा

कांग्रेस पार्षद गायत्री साहू के खिलाफ एफआईआर को लेकर सदन में हंगामा हुआ। इसकी सभापति विनोद सोनी ने भी निंदा की और भविष्य में इस पर ध्यान देने कहा। पार्षद गायत्री साहू की ओर से कहा गया कि जनता की मांग करना गुनाह है कि मेरे ऊपर मामला दर्ज करा दिया गया। सभापति विनोद सोनी ने कहा कि अगर समस्या लेकर निगम के पास नही जाए तो कहा जाएंगे। पिछले 35 साल से पक्ष विपक्ष में रहे लेकिन कभी एफआईआर नही हुआ। यह सभी पार्षद के लिए है। निगम आयुक्त इस बात का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप

### बाइक की भिड़ंत में तीन घायल, दो सिम्स रिफर

अकलतरा। दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक में सवार दो किशोर एवं एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रुप से घायल दो किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कल्याणपुर के रसेड़ा मार्ग में रविवार 5 अक्टूबर की शाम दो बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोर एवं एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्राम वासियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां से दोनों किशोरों सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्राम दर्री टांड़ निवासी सुनील कुमार नायक उम्र 16 वर्ष अपने चचेरे भाई समीर कुमार नायक उम्र 15 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर शाम 5 बजे घूमने के लिए निकले थे। दोनों कल्याणपुर की तरफ जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही अशोक साहू पिता राम नारायण साहू उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा के मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं समीर नायक और सुनील नायक मौके पर बेहोश होकर गिर पड़े। दोनों के सिर एवं पैर पर गंभीर चोटे आई। वहीं दूसरी बाइक में सवार अशोक साहू के सर एवं पैर में भी गंभीर चोट आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्राम वासियों के द्वारा डॉयल 112 में फोन कर घटना की सूचना दी गई, लेकिन बहुत देर तक इंतजार करने के बाद भी 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ऐसे में ग्राम वासियों की सहायता से दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद समीर नायक और सुनील नायक की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया। वहीं अशोक साहू का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने कर दी पिता की पिटाई

**अकलतरा।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पचरी निवासी 23 वर्षीय आशुतोष भारद्वाज को शराब पीने की लत है। वह अक्सर इसके लिए अपने घर वालों से पैसे की मांग करता रहता है। इसी तरह 13 अगस्त की शाम शराब पीने के लिए उसने अपने पिता से पैसे की मांग की। पिता के द्वारा पैसा नहीं देने पर आशुतोष भारद्वाज आवेश में आकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गया था। अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। शनिवार 4 अक्टूबर को आशुतोष भारद्वाज को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा एवं हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। जुर्म स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने आशुतोष भारद्वाज को धारा 296,115(2), 351(2) 119(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, एएसआई बी पी खांडेकर व स्टाफ का योगदान रहा।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** अकलतरा एवं मुलमुला पुलिस ने 34 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम फरहदा निवासी दुर्गा प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष के द्वारा कच्ची महुआ शराब बेची जा रही थी जिसे सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस के द्वारा 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वहीं मुलमुला थाना के ग्राम चोर भट्टी सबरिया डेरा निवासी भोला गोड़ उम्र 37 साल के कब्जे से 14 लीटर अवैध कच्ची शराब जुमला कीमती 6800 रुपए बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### जेल प्रहरियों को चकमा देकर अस्पताल के शौचालय से फरार हुआ कैदी

**अम्बिकापुर।** यूरिन की परेशानी को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में उपचार कराने दाखिल हुए हत्या के आरोपी ने शौचालय जाने के बहाने जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार बिलासपुर मस्तुरी अंतर्गत ग्राम मल्हार निवासी मुकेश कांत आ. हरिप्रसाद बिलासपुर जेल में हत्या के मामले में बंद था। ढाई साल पूर्व जेल में उसके पास मोबाइल मिलने पर उसे केन्द्रीय जेल में शिफ्ट किया गया था। 4 अक्टूबर को यूरिन में परेशानी होने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल वार्ड में भर्ती किया गया था। आज सुबह कैदी मुकेश कांत शौचालय जाने की बात कही जिस पर जेल पहरी वार्ड से लगे शौचालय ले गए। इसी बीच वार्ड का दरवाजा खटखटाने की आवाज सुन कर जेल पहरी जैसे ही दरवाजा खोलने गया तभी मौका पाते ही कैदी जेल प्रहरियों को चकमा देकर सामान्य वार्ड की ओर से निकल भागा। घटना की जानकारी जब लगी जब जेल पहरी शौचालय गए तो देखा कैदी नदारद था। कैदी के वार्ड से भाग जाने पर जेल पहरी ने अपने अधिकारियों को सूचना दी तथा घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई।

## झाँकियों के साथ हुआ रावण दहन, प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

# करतला में भव्य दशहरा उत्सव मेला



प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड करतला में पारंपरिक धार्मिक आस्था के साथ दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक एकत्रित हुए। उत्सव के तहत भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झाँकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व मनाया गया।

दशहरा पर्व के साथ-साथ आनंद मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमें नाट्य मंचन, कर्मा नृत्य तथा जसगीत एवं जस झाँकी जैसी पारंपरिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के कलाकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में ग्रामीणों और नगरवासियों ने देर रात तक मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। इस दौरान नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राम लबेद, द्वितीय स्थान ग्राम जोगड़ा, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से ग्राम कटकोना एवं क्रोन्धा, कर्मा नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राम सिथरा, द्वितीय स्थान ग्राम दर्रीडीह, तृतीय स्थान ग्राम तुर्रीकठरा, जसगीत एवं जस झाँकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आत्माराम (टीमनभौना), द्वितीय स्थान चोलेश्वर (कलगामार), तृतीय स्थान रामबाई (चारमार) रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम करतला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### पोंडी उपरोड़ा में रावण दहन देखने उमड़ा जनसैलाब



ग्राम पोंडी उपरोड़ा में इस वर्ष दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। गांव के खुले मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शाम होते ही कार्यक्रम स्थल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और वातावरण जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि आयुष सिंह, विजय दुबे, सहेतर सिंह राज, सरपंच शिव मरकाम, अशोक मिश्रा, शोभा राजपूत, संध्या पाठक, ललिता सोनवानी, शाखा राम, ऋषि कुमार, नानक सिंह राजपूत, गंगा पटेल, विष्णु यादव एवं राम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जैसे ही रावण के पुतले में अग्नि प्रज्वलित की गई, पूरा मैदान प्रकाश और उत्साह से झिलमिलाने लगा। बच्चे, युवा और महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे उत्सव में शामिल हुए।

### चारपारा कोहड़िया में दशहरा उत्सव आज

कोहड़िया चारपारा वार्ड क्रमांक 18 में 7 अक्टूबर को विराट दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जाएगा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव समिति द्वारा विगत 26 वर्ष से लगातार धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हुए कार्यक्रम आयोजित करते आ रहा है। सामुदायिक मंच शिव मंदिर के पास इस बार भी हर्षोल्लास के साथ दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया है। मंगलवार की रात्रि 9 बजे आकर्षक राम झांकी, झूल कर्मा के साथ ग्राम भ्रमण उपरांत रावण दहन किया जाएगा। बिलासपुर के सांस्कृतिक धरोहर लोकमंच मनभवरा द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# अलग छाप छोड़ गया नगर निगम का रामलीला व दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के गठन के पश्चात पहली बार शारदीय नवरात्र पर रामलीला व दशहरा का आयोजन सफल रहा। देश की पुरातन संस्कृति और मूल्यों को प्रदर्शित करने की कोशिश को हजारों दर्शकों की उपस्थिति ने मान्यता दी। नगर निगम के इस उत्सव की आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी ने आयोजन की योजना और सफलता के लिए कैबिनेट मंत्री ल ख न ला ल देवांगन, महापौर संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पांडेय सहित सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया व सभी नागरिकों का आभार जाताया। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से सामान्य कार्यों के साथ परंपरा और संस्कृति के संरक्षण व प्रचार प्रसार के लिए विशिष्ट कार्य किए जा रहे हैं। नवरात्र पर वाराणसी की प्रसिद्ध रामलीला का आयोजन ओपन थिएटर मैदान में किया गया। एडवांस संसाधन के साथ प्रशिक्षित कलाकारों ने प्रथम दिवस पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राजतिलक, मंथरा कैकेयी संवाद का मंचन किया। द्वितीय दिवस राम वन गमन, कंवट प्रसंग, दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप की प्रस्तुति हुई। भाव भंगिमा और प्रस्तुतीकरण के खास अंदाज़ ने दर्शकों को प्रभावित किया। तृतीय दिवस पंचवटी प्रसंग, सीताहरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, वाली वध, अशोक वाटिका एवं लंका दहन का प्रसंग हुआ। चतुर्थ दिवस सेतु बंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध, राज्याभिषेक हुआ। संपूर्ण आयोजन में निगम के नोडल ऑफिसर अखिलेश शुक्ल व पवन वर्मा का योगदान रहा। तुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक सुशांत शुक्ला की उपस्थिति से आयोजन समिति का मनोबल बढ़ा।



अशोक चावलानीं

**खास बात**

- नगर निगम द्वारा पहली बार आयोजित किया गया

# एसईसीएल कर्मी दूषित पानी पीने को मजबूर, पार्षदों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों और उनके परिजनों को लंबे समय से दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। कॉलोनीवासियों और क्षेत्र के पार्षद सुशील गर्ग और शैलेंद्र सिह ने प्रबंधन को शिकायत सौंपी हैं। शिकायत के बाद प्रबंधन ने दो दिन में समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया गया। वार्ड पार्षद सुशील गर्ग ने बताया कि इस समस्या को लेकर एसईसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक हुई और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया गया जहां काफी गंदगी पाई गई और ट्रीटमेंट में सुविधाओं का अभाव था जिन्हें जल्द सुध लेने की बात अधिकारियों के द्वारा कही गई थी। एसईसीएल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के स्टाफ ऑफिसर नीलगिरी पटेल ने बताया कि पाइपलाइन बेचने की योजना चल रही है लगातार हो रही बारिश के कारण जहां से पानी सप्लाई होता है। वहां दिक्कतें आ रही थी फिलहाल बीच में पानी सप्लाई थोड़ा ठीक नहीं था अभी हाल ही में सुधार लिया गया है और जो भी कमी है उसे बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।



# एसईसीएल दीपका प्रबंधन की घोर लापरवाही से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/दीपका

दीपका क्षेत्र प्रबंधन की उदासीनता के कारण क्षेत्र की आम जनता को आवागमन में भारी परेशानियों और जान के जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। विकास के नाम पर केवल कोयला उत्खनन को महत्व देने वाले प्रबंधन ने आम जनमानस की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया है।

गौरव पथ मार्ग और स्थानीय निवासियों के लिए उपयोग होने वाले रास्ते कीचड़ और पानी से लबालब हैं, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया है। प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। दीपका थाना चौक की स्थिति सबसे भयावह है यहां सड़क पर भरा कीचड़ और गंदा पानी यातायात को पूरी तरह बाधित कर रहा है। विशेष रूप से पेट्रोल पंप तक जाने वाले नागरिकों को इस दलदल से गुजरने में असाधारण कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दीपका थाना चौक पर एसईसीएल से संबंधित भारी वाहनों का अनियंत्रित जमावड़ा लगा रहता है इस अव्यवस्थित यातायात के कारण आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि एसईसीएल प्रबंधन सिर्फ खदान विस्तार और कोयला उत्पादन को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि आम नागरिक की सुरक्षा और व्यवस्थित आवागमन उनकी प्राथमिकता सूची से बाहर है।

**खास बात**

- गौरव पथ और थाना चौक बन जानलेवा फंदा

**ये है मांग**

एसईसीएल दीपका प्रबंधन तत्काल प्रभाव से गौरव पथ और दीपका थाना चौक पर भरे कीचड़ और पानी की निकासी सुनिश्चित करे तथा सड़कों की तत्काल मरम्मत कराए, दीपका थाना चौक से भारी वाहनों का अवैध और अव्यवस्थित जमावड़ा हटाकर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिला प्रशासन इस जनहित के गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान ले और एसईसीएल प्रबंधन पर जवाबदेही तय करते हुए, जनता की सुरक्षा और व्यवस्थित जीवन को सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है।

# बीएसएनएल जिले में लगाएगा 22 नए टावर, दूर होगी नेटवर्किंग की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की पहल से जिले में बीएसएनएल के नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु 22 जगह नए टावर लगाने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। शीघ्र ही उस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा और नया टावर लगा दिए जाने से उन क्षेत्रों में बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

भारतीय दूर संचार निगम लिमिटेड के कोरबा कार्यालय में पदस्थ सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) श्री टोप्पो ने सांसद से मुलाकात कर यह जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि दिनेश सोनी ने बताया कि जिले में पाली ब्लॉक के गांधी चौक, मुनगाडीह, माखनपुर, करतला ब्लॉक के ग्राम फुलसरी, कोरबा ब्लॉक के उरगा, रामपुर, भदरापारा, आरएसएस नगर, मंगल भवन, सुभाष ब्लॉक एसईसीएल, डिंगापुर, तुलसी नगर, चित्रा टॉकीज, सीएसईबी-पश्चिम, साडा जमनीपाली, दादर, कटघोरा ब्लॉक के ग्राम झाबर, दीपका कटघोरा रोड, तिवरता, रलिया, अखरापाली, बिरदा, तुमान में नए टॉवर लगाए जाएंगे। श्री सोनी ने बिलासपुर में आयोजित समिति की 25 अप्रैल की बैठक में शामिल होकर सांसद श्रीमती महंत की तरफ से बात रखी थी। बीएसएनएल उपभोक्ताओं की सुविधा को अधिक से अधिक बढ़ाए जाने पर विशेष जोर दिया था। सांसद श्रीमती महंत ने कहा है कि बीएसएनल का नेटवर्क कई बार कमजोर हो जाता है तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सुविधा अपेक्षाकृत उपलब्ध नहीं होने के कारण संचार सुविधा का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल पाता है। बीएसएनल को अपने नेटवर्क के साथ-साथ टैरिफ के मामले में भी राहत देने की जरूरत है। सांसद श्रीमती महंत ने आगे कहा कि आगामी दिनों में बीएसएनएल के नए टावर लगाए जाने के बाद नेटवर्क की चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

**खास बातें**

- सांसद श्रीमती महंत का प्रयास सफल
- दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में उठा था मुद्दा



सांसद के उपस्थित बीएसएनएल के अधिकारी।

# आरईएस ने रोका भुगतान, ठेकेदारों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल जतन योजना के तहत कराये गये जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य की रोकी गई राशि के भुगतान हेतु अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी ठेकेदारों ने दी है।

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को लिखे आवेदन में समस्त ठेकेदारों ने कहा है कि 6 अक्टूबर को स्कूल जतन योजना निर्माण कार्य में कराये गये कार्यों की रोकी गई। राशि के संबंध में ठेकेदारों ने कलेक्टर से भेंट कर राशि भुगतान के संबंध में मांग किया। कलेक्टर ने भुगतान संबंधी निर्देश पूर्व में ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता को दे दिया है कि ठेकेदारो का भुगतान शीघ्र करायें, लेकिन कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी कार्यालय की हठधर्मिता के कारण आज तक भुगतान नहीं हो पाया है।

कलेक्टर के द्वारा ठेकेदारों से चर्चा करने पर कहा गया कि आप तुरंत संबंधित ईई के पास जाकर भुगतान के संबंध में बताएं एवं शीघ्र ही भुगतान जारी होगा लेकिन कार्यपालन अभियंता कार्यालय द्वारा बार- बार कलेक्टर का नाम लेकर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि प्रदेश में शत-प्रतिशत सभी जिलों में भुगतान हो चुका है। स्वयं जिले में नगर निगम एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय को प्राप्त आबंटन में समस्त ठेकेदारों का शत-प्रतिशत भुगतान हो चुका है। ठेकेदारों ने आपसी बैठक कर यह तय किया है कि आगामी त्यौहार को देखते हुए 5 दिवस के भीतर अगर भुगतान नहीं किया जाता है तो समस्त ठेकेदारों के द्वारा परिवार सहित कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के समक्ष धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल करने हेतु बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी व्यक्तिगत रूप से कार्यपालन अभियंता की होगी।

**खास बातें**

- परेशान ठेकेदारों ने 5 दिन का दिया अल्टीमेटम

# एनएसयूआई ने छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के नए प्रवेशी छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने महाविद्यालय के सभी संकाय में नवीन प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। छात्रों को किसी प्रकार के समस्या हो तो हर वक्त उनके साथ खड़े रहने की बात कही। महाविद्यालय की छात्रा जो एनसीसी में नेशनल प्रेड कर आए साक्षी राठौर और वालीबॉल नेशनल खेले साहिल राठौर को स्मृति चिन्ह व शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। मनमोहन राठौर ने बताया कि खेल में हार जीत लगा रहता है बार बार हारने वाले एक दिन अपनी कमी को सुधार कर जीत हासिल कर पाता है। लिखते समय अनुशासन में रहना और कोशिश कोशिश करते रहना चाहिए। इस दौरान भूपेंद्र चौबे, विक्रम तिवारी, सागर केवट, रोहन राठौर, रमेश पटेल, रवि पटेल, गौरव अहीर, तारकेश्वर, अवतार चौहान आदि उपस्थित थे।





# सहकारी समिति कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला का एकदिवसीय जिला स्तरीय बैठक समिति प्रांगण कटघोरा में संपन्न हुआ। जिसमें जिले के सभी 41 समिति के प्रबंधक पदाधिकारी ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए बैठक में आने वाले धान खरीदी की तैयारी एवं शासन प्रशासन द्वारा जारी दिशा अनुरूप खरीदी करने हेतु सहमति बनी, साथ ही साथ महासंघ द्वारा लंबित तीन सूत्री मांगों के समर्थन में होने वाले हड़ताल में भी कोरबा जिला की शामिल होने की सहमति दी गई। इस संबंध में 7 अक्टूबर को जिला संघ के द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसकी जानकारी अध्यक्ष विनोद भट्ट द्वारा दी गई है। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष विनोद भट्ट, महासंघ के संगठन मंत्री वेद प्रकाश वैष्णव, जिलासचिव तुलेश्वर कौशिक, जिला संघ के पदाधिकारी समरेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रेश कश्यप, अशोक दुबे, आनंद कौशिक, कमल दुबे, अरुण कश्यप, नर्मदा देवांगन प्यारेलाल साहू, दुलीचंद धीवर, राधेश्याम कश्यप, राजकुमार साहू, नरेंद्र कश्यप राजेंद्र विंध्यराज, बंशीलाल प्रजापति, ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष मुरली मनोहर दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू और जिले के सभी समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।





बैठक में उपस्थित सहकारी समिति के सदस्य।

TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### जिला स्तर पर जूनियर रेड क्रॉस की जिला रेड क्रॉस उपसमिति हेतु तीन नाम प्रस्तावित

**कोरबा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को एक पत्र प्रेषित कर कहा गया है कि जिला स्तर पर जूनियर रेड क्रॉस की गतिविधियों के सक्रिय संचालन हेतु जिला रेड क्रॉस उप समिति का गठन किया जाना प्रासंगिक है। उक्त जिला रेड क्रॉस उप समिति गठन हेतु नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिसके आप पदेन अध्यक्ष है। उक्त उप समिति में एक या दो उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य, जिला स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि, समाज कल्याण एवं पंचायत विभाग के प्रतिनिधि (जिला स्तर में), जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय के एक सहायक जिला शाला निरीक्षक एवं तीन सक्रिय सामाजिक रेड क्रॉस कार्यकर्ता सम्मिलित रहते हैं। उन्होंने आगे कहा की उक्त समिति में प्रबंध समिति जिला शाखा के द्वारा सक्रिय सामाजिक रेड क्रॉस कार्यकर्ताओ के तीन नाम के सुझाव दिए जा रहे हैं, जिन्हें उप समिति में शामिल करने हेतु नियम अनुसार कार्यवाही करें। सक्रिय सामाजिक रेड क्रॉस कार्यकर्ता के नामो में राहुल मोदी चैंबर उपाध्यक्ष समाज सेवा, जफर अली समाज वैज्ञानिक आजीवन सदस्य, अजय श्रीवास्तव प्राध्यापक कटघोरा का नाम प्रेषित किया गया हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली में उमड़ा जनसमुदाय, लायंस सदस्यों का स्वागत



**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा 3323 सी के तत्वावधान में 4 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष कार रैली का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे सीतामणी क्षेत्र से प्रारंभ हुई यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी और लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा इसके महत्व को समझने का संदेश दिया। रैली का स्वागत श्री सप्तदेव मंदिर के सामने स्थित लायंस क्लब द्वारा किया गया। इस दौरान एमजेएफ मेंबर लायन अशोक मोदी ने सभी लायंस सदस्यों और आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने रैली में शामिल नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, पूर्व पीडीजी जयप्रकाश अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठ लायन्स सदस्यों पीडीजी लायन बसंत मिश्रा, पीडीजी लायन राजेन्द्र तिवारी, लायन पी.एस. चंदेल, लायन एसके अग्रवाल, लायन गोपाल केडिया, लायन नंदकिशोर अग्रवाल आदि को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल अर्पित कर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान लायन भगवती प्रसाद गोयनका, गौरव मोदी, हार्दिक मोदी सहित शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रही।

### मायुमं दर्री-जमनीपाली-जैलगांव ने की पदयात्रा, स्कूल में कार्यक्रम




**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच दर्री-जमनिपाली-जैलगांव द्वारा आज अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत बीकन इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एच.टी.पी.एस. दर्री में पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने पदयात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन, एकता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश प्रसारित करना था। पूरे परिसर में उत्साह एवं देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए। वहीं विद्यालय प्रशासन को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल, प्रांतीय खेलकूद एवं कार्यक्रम प्रभारी विकास अग्रवाल, प्रांतीय सदस्य अंजय अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल तथा सदस्य सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

### युक्तियुक्तकरण से डुबान क्षेत्र के छात्रों को मिले शिक्षक

**कोरबा।** चारों तरफ से जंगलों और पर्वतों से घिरा यह गाँव है कोदवारी, जहाँ रहने वाले ज्यादातर परिवार गरीब है। कई दशक पहले जब बांगो बांध बना था तब आसपास रहने वाले परिवारों के खेत पानी में समा गए तो गाँव में रहने वाले अनेक परिवार आसपास जंगलों में जाकर बस गए। गाँव कोदवारी भी ऐसा ही एक गाँव है, जहाँ रहने वाले अधिकांश परिवारों के पास खेत नहीं है। जैसे तैसे वे जीवन यापन करते हैं। इस गाँव में रहने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए शासन ने यहाँ प्राथमिक शाला खोली। कई साल तक विद्यालय में एकमात्र शिक्षक पदस्थ थे, जिससे स्कूल में कक्षा एक से लेकर पाँच तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

## लगातार हो रही बारिश से शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में हो रहा है जलभराव

# झमाझम बारिश से सड़कों पर जलभराव, जनजीवन प्रभावित



टीपी नगर लालूराम कालोनी सड़क में बारिश का भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्टूबर के महीने में भी बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। दोपहर को फिर से अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकने लगी। दोपहर से लगभग देर शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिसके चलते शहर के अलग-अलग गली मोहल्ले में पानी भर गया। शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले टीपी नगर के कई सड़कों में पानी भरा रहा और पानी निकासी नहीं होने के चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर के महीने में भी बारिश का सिलसिला बदस्तूर जारी है। सोमवार की दोपहर तेज आकाशीय बिजली चमकने लगी और झमाझम बारिश शुरू हो गई। लगभग 2 से 3 घंटे हुई लगातार बारिश की वजह से शहर की निचली बस्तियां जलमग्न हो गई और शहर के टीपी नगर, ब्लू डायमंड होटल के समीप निकलने वाली सड़क में पानी घूटने तक भर गया। पानी निकासी नहीं होने के चलते मार्ग में आना-जाना कर रहे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि नगर निगम हमेशा यह दावा करता है कि पानी निकासी बेहतर है लेकिन आज की बारिश से एक बार फिर नगर निगम के निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई और बारिश का पानी सड़कों पर भरा रहा। वहीं देर रात बस्तियों में पानी किसी तरह नीचे उतरा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन पर खासा असर पड़ रहा है।

### लाइटनिंग की वजह से विद्युत व्यवस्था भी हो गई ध्वस्त

सोमवार की दोपहर झमाझम बारिश के साथ तेज आकाशीय बिजली चमकने लगी थी। लगातार आकाशीय बिजली चमक रही थी जिसके चलते शहर के अलग-अलग इलाकों में अंधेरा छाया हुआ था। हालांकि बारिश की रफ्तार कम होते ही विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्र में उतरी और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में सफलता हासिल की। बताया जाता है कि लाइटनिंग की वजह से विद्युत विभाग को भी काफी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि आज की लाइटनिंग से कई जगह जंपर व इंसुलेटर पंचर हो गए थे।

### बरसाती पानी के साथ आ रही जलकुंभी, जलापूर्ति हुई बाधित



निगम के द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर बाकी वार्डों में जल आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए वाटर फिल्टर प्लांट कोहड़िया की जल शोधन क्षमता में विस्तार किया गया है। जबकि हसदेव नदी से पानी प्राप्त करने के लिए गेरवाघाट नए पुल के पास इंटेक्वेल तैयार किया गया है। यहां पर पानी प्राप्त करने के बाद इसे उपचारित करने के लिए आगे भिजवाया जा रहा है। संपूर्ण प्रक्रिया के बाद पानी ओवरहेड टैंक पहुंचता है और फिर पाइपलाइन के माध्यम से घरों के नलों में इसकी पहुंच होती है। बारिश के मौसम में पानी के साथ घूलने वाली मिट्टी, पौधे बहते हुए फुटबॉल को बाधित कर देते हैं और इसके कारण कई समस्याएं सामने आ जाते हैं। वर्तमान में इस वजह से नगर निगम के कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति को लेकर मुश्किल आई हैं। कुछ वार्डों में एक ही समय पानी आने तो कुछ स्थानों पर पानी की मात्रा में कमी और कमजोर क्वालिटी से संबंधित शिकायतें आम है। नगर पालिका निगम में जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि बरसाती पानी के साथ आ रही जलकुंभियां तकनीकी संसाधनों को डिस्टर्ब कर रही हैं। इससे अगली प्रक्रिया के लिए पानी की पहुंच उतनी नहीं हो पा रही है जो अपेक्षित है। मैदानी तंत्र व्यवस्था को ठीक करने में लगा हुआ है।

# सुधार कार्य के 15 दिन बाद शुरु नहीं हो सका रेलवे का सिग्नल



लाल घेरे में ओवरब्रिज में लगा सिग्नल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओवर ब्रिज कोतवाली थाना के समीप रेलवे के द्वारा क्रॉसिंग के फाटक के बंद रहने की जानकारी देने ने के लिए लगाये गये सिग्नल के तकनीकी खराबी को सुधार किये जाने के बाद भी शुरु नहीं किया जा सका है। जिससे आम लोगों को रेलवे फाटक की बंद रहने की जानकारी नहीं मिल पाती और ओवर ब्रिज से आवागमन करने के बजाए रेलवे क्रॉसिंग के समीप पहुंच जा रहे हैं।

पवन टॉकिज रेलवे क्रॉसिंग के बार बार बंद होने से लगने वाला जाम से होने वाली परेशानी को देखते हुए रेलवे ने ओवर ब्रिज के नीचे कोतवाली थाना के समीप सिग्नल लगाया गया था ताकि लोगों को फाटक बंद रहने की और खुले रहने की सूचना मिलती रही। किंतु तकनीकी खराबी के कारण सिग्नल के बंद होने से आम लोगों को फाटक बंद रहने की जानकारी नहीं मिल पाती थी जिसपर रेलवे के द्वारा संज्ञान लेकर सुधार कार्य किया गया लेकिन 15 दिन बाद भी सिग्नल शुरु नहीं हो सका है। अभी भी लोग रेलवे फाटक से ही आना जाना कर रहे हैं सिग्नल के शुरु रहने के कारण टीपी नगर की ओर आने वाले पुराने कोरबा के शहरवासी या रेलवे स्टेशन से आने वाले यात्री वाहन ओवरब्रिज होते हुए टीपी नगर पहुंचा करते हैं। इस वजह से रेलवे क्रॉसिंग में लंबा जाम नहीं लगा करता था किंतु सिग्नल के खराब होने के कारण रेलवे से इससे अवगत कराया गया। रेलवे प्रबंधन ने इसका सुधार कार्य तो किया लेकिन इससे अब तक शुरु नहीं किया जा सका है। फलस्वरुप ओवर ब्रिज से आवागमन करने वाले लोग सीधे ओवरब्रिज के नीचे से क्रॉसिंग के रास्ते आवागमन कर रहे हैं।

**खास बातें**

- रेलवे क्रॉसिंग के बंद रहने की सूचना देने लगाया गया था ओवरब्रिज के नीचे
- जानकारी नहीं मिलने के कारण लोग पहुंच जा रह हैं क्रॉसिंग के समीप

# खराब सड़क होने से ग्रामीणों को लगाना पड़ता है 8 से 10 किमी का अतिरिक्त फेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



मुड़ापार बलौदा मुख्य मार्ग कीचड़ में तब्दील।

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार बलौदा मुख्य से कोरबी तक 5 किमी कीचड़ से सराबोर है। ज्ञात हो की बरसात लगने से पूर्व ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण के समय मुरुम के जगह मिट्टी डाल दी अब होना क्या था। बरसात शुरू हुई फिर सड़क पर फिसलन, स्कूली छात्र छात्राएं, यात्री बसें, बाईक, कार यहां तक पैदल चलना मुश्किल हो गया है। हरदीबाजार मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए 8-10 किमी फेरा लगाकर आना जाना करना पड़ रहा है। कोरबी से मुड़ापार तक सड़क बनाने के लिए 1 करोड़ 81 लाख 93 हजार रुपए का हुआ है। वहीं ठेकेदार सड़क की मरम्मत कार्य में किसी प्रकार का सुध नहीं ले रहा है। यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनाया जाना है विभाग के आला अधिकारी भी सड़क को बनाने में अपनी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस मार्ग से गुजरकर जाने के लिए मजबूर हैं क्योंकि एक ही मुख्य मार्ग है जो कोरबी, ढोलपुर,पथर्री, खम्हरिया से होते हुए खिसोरा, पंतोरा व बलौदा मार्ग को जोड़ता है। वहीं क्षेत्र के स्कूली बच्चे भी इस कीचड़युक्त सड़क से होकर जाने को मजबूरी हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल ने भी जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में इस गंभीर मुद्दा को उठाया था लेकिन विभाग व ठेकेदार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिले के कई क्षेत्रों में बारिश की वजह से प्रमुख सड़कों की हालत खराब बनी हुई है। उपनगरीय क्षेत्रों से शहर आने वाली सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं।

**खास बातें**

- 1 करोड़ 81 लाख रुपए की राशि हुई है स्वीकृत
- पीडब्ल्यूडी विभाग ने किया था सड़क का निर्माण

### दीपका से कटघोरा जाने वाला प्रमुख मार्ग आज भी अधूरा



दीपका से कटघोरा जाने वाला प्रमुख मार्ग आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत जवाली के समीप बने पुल का एप्रोच रोड अब तक तैयार नहीं हो सका है, जिसके कारण आमजन को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे, श्रमिक और व्यापारी दीपका से कटघोरा तक आवागमन करते हैं। शासन द्वारा इस मार्ग का कांक्रीटीकरण कार्य तो पूरा कर लिया गया, किंतु पुल के दोनों ओर पहुंच मार्ग अधूरा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का निर्माण कार्य वर्षों पहले प्रारंभ हुआ था, जो अब लगभग पूरा हो चुका है। परंतु एप्रोच रोड का काम अधूरा रहने से पुल का उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। बरसात के दौरान पुल के नीचे का रास्ता पानी में डूब जाता है, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो जाता है और लोगों को जान जोखिम में डालकर आना-जाना पड़ता है।

# वांगचुक की रिहाई की मांग पर आदिवासी समाज ने कलेक्टर को नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ज्ञापन देने पहुंचे सर्व आदिवासी समाज के सदस्य।

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ने सोमवार को कलेक्टरेट कार्यालय पहुंचकर पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सोनम वांगचुक देश के जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता हैं, जो लद्दाख क्षेत्र में जलवायु संतुलन, हिमालयी पारिस्थितिकी और स्थानीय लोगों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वांगचुक ने हमेशा अहिंसात्मक और संवैधानिक तरीकों से जनता की आवाज़ उठाई है। ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। आदिवासी समाज ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन में उनकी शीघ्र रिहाई की मांग की है। इस अवसर पर समाज के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण, जलवायु और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि दमन किया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद समाज के लोगों ने वांगचुक के समर्थन में नारे भी लगाए और केंद्र सरकार से जल्द सकारात्मक पहल की अपील की।

**खास बात**

- पर्यावरण जनहित की आवाज उठाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने की मांग

### पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कोरबा।** श्री प्रेम प्रकाश आश्रम चेरिटेबल ट्रस्ट का 5 दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज के 129 वें जन्मोत्सव का संयुक्त कार्यक्रम संध्या सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के कर-कमलों से भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। महत्वपूर्ण व धार्मिक उपरोक्त आयोजन के अंतिम दो दिन 4 व 5 अक्टूबर को चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने स्वयं अपनी भजन मंडली के साथ भक्तजनों को अपने दर्शनों व सत्संगों का लाभ देकर सभी के दिलों में सनातन धर्म, सत्संग एवं गुरु के प्रति प्रेम भावना जागृत किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगपतियों से की भेंट

# जर्मनी में खाद्य प्रदर्शनी में उद्योग मंत्री ने किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शनी में उद्योगपतियों से मिलते उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन।

विश्व के सबसे बड़े खाद्य प्रदर्शनी आयोजन अनुगा जर्मनी में मंत्री स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। आयोजन स्थल पर आयोजकों द्वारा मंत्री श्री देवांगन का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोएलेनमेसे जीएमबीएच के सीओओ ओलिवर फ्रेस्से से मंत्री श्री देवांगन की भेंट हुई। मंत्री श्री देवांगन ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में सार्थक संवाद किया। इसके साथ ही मिलिंद दीक्षित प्रबंध निदेशक कोएलेनमेसे जीएमबीएच, भारत एवं सार्क देशों तथा समीर मितिया समूह निदेशक कोएलेनमेसे जीएमबीएच के साथ भी बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी छत्तीसगढ़ राज्य के नवीन औद्योगिक विकास नीति और औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी उद्योग मंत्री ने दी तथा राज्य द्वारा औद्योगिक पार्कों, विशेष रूप से खाद्य पार्कों में निवेश हेतु दी जा रही प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राज्य गैर-बासमती चावल, इमली एवं मूल्य संवर्धित वन उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु निवेश आकर्षित करने हेतु संवाद किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के डायरेक्टर प्रभात मालिक भी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411